हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 7 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री


व्यक्ति को कर्म करते समय बरतनी चाहिए सावधानी : कृष्णाचार्य

4




## खबर संक्षेप

### प्रथम फास्ट फाइव राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता आज से

**जांजगीर-चांपा।** जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रथम फास्ट फाइव राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता महिला व पुरुष वर्ग का शुभारंभ गुरूवार 7 अगस्त को होने जा रहा है। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता टीसीएल महाविद्यालय के इंडोर हॉल में आयोजित की जा रही है, जिसका समापन 8 अगस्त को किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन गुरूवार दोपहर 2 बजे किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक व्यास कश्यप होंगे, वहीं अध्यक्षता नगर पालिका जांजगीर-नैला की अध्यक्ष श्रीमती रेखा देव गढ़ेवाल करेंगी। राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में प्रदेश के 16 जिलों से बालक वर्ग एवं 14 जिलों से बालिका वर्ग की टीमें भाग ले रही हैं। कुल 300 खिलाड़ी एवं 50 कोच, प्रबंधक व तकनीकी अधिकारी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं।

### हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा) रायपुर अंतर्गत भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, चाम्पा एवं बरगढ़ (उड़ीसा) में जुलाई 2025 से प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में 30 सीट एवं लेटरल एण्ट्री के आधार पर सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 26 सीट के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन पत्र संस्थान के वेबसाईट से डाऊनलोड किया जा सकता है। स्वप्रमाणित आवेदन पत्र पोस्ट द्वारा ईमेल द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर 15 अगस्त को सायं 5 बजे तक प्राचार्य, भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, मड़वा प्लांट रोड, लछनपुर चौक, चाम्पा में जमा किया जा सकता है।

### आकस्मिक मृत्यु : 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम अंजोरीपाली निवासी मृतक स्व. समीर कुमार चौहान का तालाब के पानी में डुबने के कारण मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के पिता अजय चौहान, पिता फूलसिंह चौहान को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों के अधीन प्रदान की गई है।

### आपस में उलझे युवक चाकूबाजी में चार घायल

**अकलतरा।** सिंघानिया पेट्रोल पंप के सामने बुधवार 6 अगस्त को शाम 7 बजे नशे में युवकों का दो दल आपस में उलझ गया। एक दल के युवक ने दूसरे दल पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें चार युवक घायल हो गए। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 11 बीएम 4763 एवं एक अन्य बाइक में सवार होकर ग्राम मूलमुला निवासी दिलेश्वर भैना उम्र 15 वर्ष, भुवनेश्वर भैना उर्फ मोनू उम्र 25 वर्ष ,अमन सारथी उम्र 25 वर्ष एवं अन्नू नवरंग उम्र 24 वर्ष नशे में नगर के सिंघानिया पेट्रोल पंप के सामने एक होटल में पहुंचे। नशे की हालत में दिलेश्वर भैना एक युवक से वाद विवाद करने लगा। मुलमुला के चारों युवकों सामने युवक ने अपने आप को असहाय देखकर मोबाइल के माध्यम से अपने दोस्तों को बुला लिया। इसी बीच अज्ञात युवक के बुलावे पर युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद हमला करने वाले युवक अपने बाइक से फरार हो गए। दिलेश्वर को बिलासपुर रेफर किया गया है।

### कोरोनाकाल से बंद हुई सेवा अब तक नहीं हो सकी बहाल

# टर्मिनल में पड़े-पड़े कबाड़ हो रही सिटी बसें अधिक किराया देकर सफर करने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सिटी बस की सेवा जिले में चरमरा गई है। कोरोनाकाल से बंद हुई सिटी बस अब तक सड़क पर नही उतर सकी है। सस्ती और सुगम यातायात की व्यवस्था करते हुए राज्य शासन ने 10 साल पहले सिटी बस सेवा शुरू की थी। यहां 10 बसें आई थी, लेकिन बसें अब जहां तहां पड़े कबाड़ में तब्दील हो रही है। लोगों को आटो एवं निजी बसों में अधिक किराया चुकाकर सफर करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर से नवंबर 2015 में सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया गया था। यहां 10 बसें आई थी और सभी बसों का परमिट कार्यालय सचिव क्षेत्रिय परिवहन पदाधिकारी द्वारा जारी किया गया था। इनमें से सिर्फ पांच बसों का संचालन हुआ। ऐसे में जिलेवासियों को सभी सिटी बसों का लाभ नहीं मिला। जिन मार्गों पर दो-दो बसें चलनी थी उन मार्गों पर एक-एक बस ही चलाया गया। इसके बाद रही सही कसर कोरोनाकाल ने निकाल दी। कोरोनाकाल के समय जो सिटी बस सेवा बंद हुई, वह आज तक पटरी पर नहीं आ सकी है। इतना ही नहीं शासन द्वारा करोड़ों की लागत से भेजी गई 10 सिटी बसों की हालत भी कंडम हो गई है। ये गाड़ियां जहां तहां खड़ी कबाड़ हो रही है। इन बसों के पहिये, इंजन और बैटरी गायब हो चुके हैं, शीशे टूट चुके हैं। इधर लोगों को नैला रेलवे स्टेशन, चांपा, कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, जिला अस्पताल के अलावा अकलतरा, बलौदा, बाराद्वार क्षेत्र में सफर करने के लिए निजी बसों अथवा निजी आटो और चारपहिया वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय जांजगीर सहित अन्य नगर पंचायत क्षेत्र में रहने वाले लोगों को लंबे समय से सिटी बस सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है वर्ष 2022 के बाद से सिटी बस सेवा बंद हो गई है। जिसके चलते जांजगीर चांपा, अकलतरा, शिवरीनारायण, बलौदा सहित अन्य क्षेत्रों के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।



नैला स्थित टर्मिनल में कबाड़ हो रही सिटी बस।

### जिला मुख्यालय में आटो वालों की चांदी

सबसे ज्यादा परेशानी जिला मुख्यालय जांजगीर में कलेक्टर कार्यालय, एसपी कार्यालय, जिला पंचायत, जिला न्यायालय, जिला अस्पताल, रोजगार कार्यालय, परिवहन कार्यालय आदि जगहों पर जाने में हो रही है। मजबूरी में लोगों को अधिक किराया देकर आटो में सफर करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग अपने कामकाज को लेकर जिला मुख्यालय जांजगीर पहुंचते हैं। विभिन्न सरकारी दफ्तरों में आने-जाने को लेकर सिटी बस सेवा की शुरुआत की गई थी ताकि लोगों को कम पैसे में आने जाने की सुविधा मिल सके। इधर सिटी बस बंद होने के बाद कामकाज के लिए शहर पहुंचे लोगों को मजबूरन मोटी रकम खर्च करके ऑटो एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से विभिन्न कार्यालय पहुंचने की मजबूरी बनी रहती है। सिटी बस का संचालन जिस समय शुरू हुआ था उसे समय शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बड़ी उम्मीदें बंधी थी की सिटी बस चलने के बाद उन्हें भी आने-जाने की सुविधा मिलेगी लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। लंबे समय से सिटी बस सेवा बंद होने के बाद लोगों की दिक्कतें बढ़ गई है। इसे लेकर जिम्मेदारों को कोई सरोकार तक नहीं है जिसका खामियाजा शहर सहित आसपास गांव के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

### ली जाएगी जानकारी

सिटी बसों का संचालन शहर में नहीं हो रहा है। इसकी जानकारी ली जाएगी। वही इस संबंध में फाइल का भी अवलोकन करेंगे।

-विक्रांत भगत
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
जांजगीर-नैला

# मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक लेंगे आज

### कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक गुरूवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इस बैठक में मंत्रीमंडल के सदस्यों के साथ ही अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के सदस्य व 17 जिलों के कलेक्टर शामिल होंगे। कलेक्टर और एसपी ने बुधवार को तैयारियों का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विष्णु देव साय की अध्यक्षता में गुरूवार 7 अगस्त को अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगी। सीएम के साथ ही अन्य वीआईपी के प्रवास के मद्देनजर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने बुधवार 6 अगस्त को तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला पंचायत में प्रवेश, बैठक कक्ष, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया। साथ ही पेयजल, बेरिकेडिंग, विद्युत, रोड क्लियरेंस, एंट्री-एग्जिट पॉइंट्स एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, जिला पंचायत गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तंबोली, अपर कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



सीएम आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा लेते कलेक्टर।

### किया गया रूट डायवर्ट

मुख्यमंत्री और अन्य वी आई पी के प्रवास के दौरान यातायात और सुरक्षा व्यस्था के मद्देनजर 7 अगस्त को रूट डायवर्ट किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल के पास वाहनो की पार्किंग व्यवस्था एवं रूट चार्ट तैयार किया गया है। वी आई पी पार्किंग आटोरियम हाल आकांक्षा परिसर जिला पंचायत जांजगीर में की गई है। वी आई पी मूवमेंट के दौरान केरा चौक, कचहरी चौक,बीटीआई चौक, कलेक्ट्रेट मोड की तरफ आने वाले वाहनों को अस्थाई रूप से रोका और डायवर्ट किया जाएगा जाएगा। बिलासपुर - पामगढ़ की ओर से आने वाले सक्ति - चाम्पा- रायगढ़ की ओर जाने वाले वाहनों को पुटपुरा चौक - खोखरा चौक से होते हुए नेशनल हाईवे रोड 49 से भेजा जाएगा। इसी तरह सक्ती- चांपा-रायगढ़ की ओर से आने वाले वाहन जिनको बिलासपुर - रायपुर की ओर जाना है वह नेशनल हाईवे रोड 49 जेल के पीछे रोड से पुटपुरा चौक होते हुए जाएंगे। वहीं सीएम के आगमन के मददेनजर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्था की है। जिले में 5 सौ से ज्यादा पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। शहर के चप्पे चप्पे पर जिला, संभाग और राज्य स्तर के पुलिस बल के जवान तैनात रहेंगे।

# बाइक चोरी के आरोपी सहित 2 नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

मोटर सायकल चोरी करने वाले एक आरोपी सहित 2 नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। मामला सक्ती जिला अंतर्गत ग्राम परसदाखुर्द का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सेंदरी निवासी मनीष तेंदुलकर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना 3 अगस्त को वह प्रयोग शाला परिचालक का परीक्षा दिलाने सक्ती के स्वामी आत्मानंद स्कूल कचहरी के भारत माता मुर्ती के पास अपने मोटर सायकल हिरो होण्डा स्पेलेण्डर क्रमांक सीजी 11 सी एफ 6692 को खड़ा कर परीक्षा दिलाने चला गया। परीक्षा दिलाकर करीबन दोपहर 1:30 बजे वापस आया तो देखा कि उसकी बाइक गायब थी। प्रार्थी के रिपोर्ट कराने पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चोरी गये मोटर सायकल की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान परसदाखुर्द निवासी विरेन्द्र महंत से पूछताछ की गई। जिस पर उसने 2 नाबालिग के साथ मिलकर स्वामी आत्मानंद स्कूल कचहरी के भारत माता मुर्ती के पास अपने मोटर सायकल हिरो होण्डा स्पेलेण्डर क्रमांक सीजी 11 सी एफ 6692 को चोरी कर अपने घर में छुपाना तथा एक माह माह पूर्व बुधवारी बाजार सक्ती से भी 2 नग मोटर सायकल चोरी कर जिसे रेस्ट हाउस सक्ती के पास छुपाकर रखना बताने पर गवाहो के सक्षम मोटर सायकलो को बरामद कर कब्जा पुलिस लिया गया। मामले में एक से अधिक आरोपी शामिल होने से बी एन एस की धारा 3(5) जो गई। आरोपी विरेंद्र महंत पिता बरातू दास महंत उम्र 33 वर्ष सहित अन्य 2 नाबालिग को 8 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया तथा प्रकरण के अन्य 02 विधि से संघर्षरत बालक नाबालिक होने पर किशोर बोर्ड जांजगीर के समक्ष पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।





जब्त बाइक के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### चोरी के चैनल गाटर के साथ 3 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**सक्ती।** चोरी के 5 नग चैनल गाटर की चोरी करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कर लिया है। इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रमोद कुमार चौहान निवासी सराईपाली, पोरथा रिपोर्ट दर्ज कराया कि मकान निर्माण में काम आने वाले चैनल गाटर कुल 35 नग खरीदा था। जिसे मुरली तम्बाली के घर के छत के उपर 30 जून को रखा था। देखने पर उक्त गाटर को किसी अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया था। मुखबिर की सूचना पर दुर्गेश बरेठ पिता सुरज बरेठ उम्र 21 वर्ष एवं शिवा सोनी पिता श्रवण कुमार सोनी उम्र 22 वर्ष एवं पुष्पेन्द्र शर्मा पिता दया किशन शर्मा उम्र 25 वर्ष से पूछताछ की गई। पुलिस ने निशानदेही पर 5 नग लोहे के चेनल गाटर किमती 2400 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटर सायकल हिरो कंपनी का एच एफ डिलक्स नंबर सीजी 11 बी की 5060 को मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपीगण के विरूद्ध धारा सदर का सबूत पाये जाने से आरोपियों को 6 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



# म्यूल अकाउंट के जरिए 31 लाख की ठगी, 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा।

म्यूल एकाउंट के माध्यम से 31 लाख से अधिक की ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामला शिवरीनारायण थाना का है।

**खास बात**

- शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का मामला

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर पुलिस को साईबर अपराध समन्वय केन्द्र के ''समन्वस पोर्टल के माध्यम से म्युल अकाउंट कि शिकायत प्राप्त हुआ है जिसमें एक्सिस बैंक शिवरीनारायण खाता धारक के द्वारा कुल स्थानांतरित रकम 31 लाख 49 हजार 312 रुपए का लेने देन हुआ है। बैंक खाता धारक के द्वारा अपने बैंक खाते का उपयोग कर उपयोग ऑन लाईन ठगी के रकम प्राप्त करने प्रयोग करने व अवैध लाभ अर्जित करने के लिये उपयोग में लिया जाना तथा उपरोक्त खाता धारक द्वारा यह जानते हुये कि उक्त रकम छल से प्राप्त की गई रकम है तथा खाता में साईबर फ्राड का पैसा एक से अधिक बार जमा हुआ है जो उक्त खाता धारक के द्वारा साईबर फ्राड कर अवैध रकम अर्जित करना पाये जाने से खाता धारक के विरुध्द अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में दौरान विवेचना खाता धारक के संबंध में जानकारी लेने पर उक्त खाता वंश आरोपियों के नाम से होना पाए जाने से आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया, जो दोनो के द्वारा अपने अपने मेमोरेण्डम में बताया कि उनके द्वारा कमिशन प्राप्त करने प्रलोभन पर अपने अपने नाम से एक्सिस बैंक में खाता खुलवाये तथा आरोपियों का लाभ कमाने के लिये म्युल अकाउंट संचालित करना व अपराध घटित करना पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी शिवरीनारायण, सउनि नरेंद्र शुक्ला आरक्षक राजेश कौशिक, अर्जुन यादव का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# ग्रामीण बैंक गोधना में अव्यवस्थाओं का अंबार, प्रबंधन को नहीं कोई सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

ग्राम सलखन स्थित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की अव्यवस्थाएं अब चरम पर हैं। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में ग्राहक परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदारों को इसकी कोई परवाह नहीं दिख रही है।

ग्रामीण बैंक सखलन में जो कुर्सियाँ लगी हैं, वे अत्यंत ही जर्जर हो चुकी है। बुजुर्गों के लिए यह खतरे से खाली नहीं है। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद बैंक प्रबंधन आंखें मूंदे बैठा है। वहीं, बैंक से जुड़े जरूरी फॉर्म जैसे मोबाइल नंबर चेंज फॉर्म भी बैंक में उपलब्ध नहीं हैं। ग्राहकों को मजबूरी में पास की कंप्यूटर दुकान से 3 रुपए खर्च कर फॉर्म खरीदने पड़ रहे हैं। यह स्थिति ग्रामीण बैंक जैसी सेवा संस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बैंक की व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए न तो प्रशासन सक्रिय है और न ही बैंक प्रबंधन। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द बैंक की व्यवस्थाएं सुधारने की मांग की है।



टूटी हुई कुर्सी में बैठे ग्रामीण।

### पत्रवार्ता में कांग्रेस ने लगाया आरोप

# बिजली बिल हाफ के बदले प्रावधान के विरोध में प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राज्य सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना में किए गए नए प्रावधान के विरोध मे कांग्रेस कार्यकर्ता 7 अगस्त को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करेंगे। शाम 5 बजे विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव कर पुतला दहन किया जाएगा।

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेस वार्ता कर प्रदर्शन के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ सरकार पर कई आरोप भी लगाए गए। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता के हित को देखते हुए पूर्व में कांग्रेस सरकार ने बिजली बिल हाफ का लाभ दिलाया। सभी वर्ग को 400 यूनिट की खपत पर बिजली बिल हाफ योजना का लाभ मिलता था, लेकिन प्रदेश मे बीजेपी सरकार आते ही लगातार बिजली बिल मे बढ़ोतरी की जा रही है। अब नए प्रावधान में 100 यूनिट तक हाफ कहा जा रहा है। इस क्राइटेरिया में एकल बत्ती कनेक्शन वाले भी लाभ नहीं ले पाएंगे। श्री पैगवार ने कहा कि कांग्रेस की सरकार नें विषम परिस्थितियों में भी 5 साल तक बिजली उपभोक्ताओं को राहत दी। योजना का लाभ प्रदेश के 44 लाख उपभोक्ताओं को मिलता था। तब 400 यूनिट तक की खपत पर बिजली बिल आधा हो जाता था, और बाकी यूनिट का ही पूरा बिल देना पड़ता था। अब वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा और 100 यूनिट की छूट भी नहीं मिलेगी। कांग्रेसियो ने राज्य सरकार से पुराने नियम से बिजली बिल हाफ योजना संचालित करने की मांग की है। कांग्रेस ने प्रदेश भर मे चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी कर ली है। सरकार के नए प्रावधान के विरोध 7 अगस्त को शाम 5 बजे जिला मुख्यालय के विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव कर पुतला दहन किया जाएगा।





पत्रकारों से चर्चा करते कांग्रेसी।

# 210 किलो महुआ लहान को पुलिस ने की नष्टीकरण की कार्रवाई

**मालखरौदा।** मालखरौदा थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दबिश दी गई, जहां आरोपियों के कब्जे से 24 लीटर शराब को जब्त किया गया तो वहीं 210 किलो महुआ लहान को नष्ट कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार 6 अगस्त को ग्राम आमनदुला में बुधराम जोगी द्वारा महुआ शराब बनाकर अपने घर में बिक्री हेतु छुपा के रखने की मुखबिर सूचना मिली। सूचना के आधार पर मालखरौदा निवासी बुधराम जोगी पिता भूरवा के रहवासी मकान में दबिश दी गई। जहां 6 लीटर हाथभट्टी महुआ शराब बरामद किया गया। इसी तरह ग्राम पीहरिद में पन्नूलाल लहरे पिता तिहारुराम के रहवासी मकान की जांच करने पर 8 लीटर महुआ शराब बरामद तथा ग्राम अमेराडीह निवासी खेल बाई के मकान में 5 लीटर क्षमता वाली दो पीला रंग की प्लास्टिक जरीकेन प्रत्येक में 5-5 लीटर भरी कुल मात्रा 10 लीटर महुआ शराब व 14 नग प्लास्टिक बोरियों में भरी 210 कि ग्रा महुआ लाहन बरामद होने से आब अधि की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।



## खबर संक्षेप



### बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष ने हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का दिया स्वीकृति पत्र

**कोरबा।** बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी कुमारी झा ने 26 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। पालिका अध्यक्ष श्रीमती झा ने कहा कि कुल 53 प्रधानमंत्री आवास योजना का फार्म भरा हुआ था। जिसमें 26 हितग्राहियों का स्वीकृति पत्र पालिका में आई है एवं बाकी बचे हितग्राहियों को कुछ दिन में आने के बाद वितरण कि जाएगी। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना और इरादा है कि हर घर पक्का हो, इसी उद्देश्य से आज बांकीमोंगरा पालिका में 26 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव व क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल के प्रयास से बांकीमोंगरा पालिका क्षेत्र में विकास हो, हम हमेशा तत्पर रहेंगे । इस दौरान नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के अधिकारी व हितग्राही उपस्थित थे।

### डीएमएफ से चतुर्थ श्रेणी के पदों पर होगी नियुक्ति

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश एवं उद्योग, वाणिज्य एवं श्रममंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले में संचालित कुल 15 शासकीय स्नातक एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी सफाई कर्मचारी/चौकीदार की व्यवस्था हेतु शासन के द्वारा स्वीकृत पदों के विरुद्ध रिक्त पदों के अंतर्गत कुल 29 पदों के लिए एक वर्ष तक की अवधि के लिए स्वीकृति प्रदाय की गई है। उक्त 29 पदों की स्वीकृति के पश्चात सभी 15 महाविद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की कमी पूर्ण होगी तथा महाविद्यालयों की साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो सकेगी। उक्त हेतु राशि का व्यय जिला खनिज संस्थान न्यास के द्वारा किया जाएगा।

### संस्कृत पखवाड़ा के अंतर्गत निकाली गई संस्कृत शोभायात्रा



**कोरबा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षा सेवा संस्थान के तत्वाधान में संस्कृत पखवाड़ा के अंतर्गत संस्कृत शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर विद्यालय की व्याख्याता संस्कृत, रेणुका लदेर के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 15 परिवहन नगर में छात्राओं ने बहुत ही उत्साह पूर्वक संस्कृत शोभायात्रा में अपनी भागीदारी निभाई। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ जयतु जयतु संस्कृत भाषा, वदतु वदतु संस्कृत भाषा, सरला भाषा संस्कृत भाषा आदि नारे जोर शोर से लगाए। उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य रणधीर सिंह, प्रधान पाठक बंशीलाल देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता सविता पाठक, स्वप्निल पांडे, कपिल सवैये,राजनारायण सिंह, सुमिता चौधरी, गरिमा थवाईत आदि समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

### गरीब नवाज़ रिलीफ़ फाउंडेशन ने किया पौधरोपण



**कोरबा।** दावते इस्लामी के अंतर्गत कार्यरत गरीब नवाज़ रिलीफ़ फाउंडेशन द्वारा बीते दिनों विभिन्न स्थानों पर एक वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत स्थानीय मुस्लिम समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सामाजिक समरसता व पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। यह पहल सभी समुदायों को साथ लाकर एक हरित और स्वच्छ भारत की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम रही। वृक्षारोपण के लिए कोरबा वन विभाग द्वारा पौधों की निःशुल्क व्यवस्था की गई। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि पेड़-पौधे केवल ऑक्सीजन नहीं देते, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवनदायिनी विरासत हैं। संस्था का उद्देश्य केवल राहत कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाकर हर व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है।

### कार ने बोलेरो को मारी टक्कर, लगी आग

**कोरबा।** निहारिका घंटाघर की ओर से तेज गति में आ रही कार ने सोमवार को सुभाष ब्लॉक स्थित पोस्ट ऑफिस के पास खड़ी एक बोलेरो पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप के आगे दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई।

## दोनों कोल ब्लॉकों में 52.5 लाख टन सालाना कोयला उत्पादन का अनुमान

# कमर्शियल माइनिंग के तहत जिले के दो कोल ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मंत्रालय ने कमर्शियल माइनिंग के 12वें दौर के अंतर्गत राज्य के तीन कोल ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया पूरी कर ली है। इन कोल ब्लॉकों में जिले के

**खास बातें**

- नीलामी में रजगामार डिपसाइड देवनारा व रजगामार डिपसाइड साउथ आफ फुलकडीह कोल ब्लॉक शामिल
- राज्य को मिलेगा ऊर्जा उत्पादन में बढ़त और करोड़ों का राजस्व
- 12वें दौर की नीलामी के लिए 6 भूमिगत कोल ब्लाक किया गया सूचीबद्ध

रजगामार के दो कोल ब्लॉक भी शामिल हैं। रजगामार डिपसाइड देवनारा कोल ब्लॉक को टीएमसी (मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड) व रजगामार डिपसाइड साउथ आफ फुलकडीह मिवान स्टील लिमिटेड को आबंटित की गई है।



फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि कोल मंत्रालय का यह कदम न केवल राज्य की ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ावा देगा, बल्कि राजस्व के लिहाज से भी इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इन खदानों से आने वाले वर्षों में कुल 52.5 लाख टन कोयले के वार्षिक उत्पादन की उम्मीद है। इससे राज्य को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाने में मदद मिलेगी। कोल मंत्रालय के मुताबिक इस नीलामी से देश को सालाना करीब 719.90 करोड़ रुपये का राजस्व मिलेगा। सात ब्लॉकों की इस नीलामी में अधिकांश खदानें कोरबा (छत्तीसगढ़) और झारखंड जैसे कोयला समृद्ध राज्यों में स्थित हैं। कोयला मंत्रालय की तरफ से 12वें दौर की नीलामी के लिए 6 भूमिगत कोल ब्लॉक्स को सूचीबद्ध किया गया था। 6 में केवल 2 कोल ब्लॉक रजगामार डिपसाइड देवनारा और रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह के लिए 14 बोलियां मिलीं हैं। 8 कंपनियों ने बोलियां जमा की थी। दोनों भूमिगत कोल ब्लॉक जिले में स्थित है। रजगामार डिपसाइड देवनारा में 78.464 मिलियन टन कोल रिजर्व है। पूर्व में इस खदान को एपीआई इस्पात एंड पॉवरटेक प्राइवेट लिमिटेड और सीजी स्पंज मैन्यूफैक्चर्स कंसोर्टियम कोलफील्ड्स लिमिटेड को आबंटित किया गया था। इसी तरह रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह नाला में 61.697 मिलियन टन कोयला भंडार है। इस कोल ब्लॉक क्षेत्र में 89 फीसदी जंगल है। पूर्व में मोनेट इस्पात एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड एवं टॉपवर्थ स्टील प्राइवेट लिमिटेड को आबंटित किया गया था। दोनों खदानों की आबंटित कंपनियों के कोयला घोटाले में नाम आने के बाद आबंटन निरस्त कर दिया गया था। आखिरकार अब कोल माइंस के 12वें दौर में इन दोनों कोल ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कुल ब्लॉकों की नीलामी पूरी की गई है, जिनमें एक रायगढ़ का कोल ब्लॉक भी शामिल है।

**कमर्शियल माइनिंग उद्देश्य**

कमर्शियल कोल माइनिंग की प्रक्रिया निजी कंपनियों को खनन क्षेत्र में शामिल कर, कोयला उत्पादन को वाणिज्यिक स्तर पर बढ़ाने का प्रयास है। इससे न केवल कोयला आयात पर निर्भरता कम होगी, बल्कि राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा को भी बल मिलेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस कदम से छत्तीसगढ़ को ऊर्जा राजधानी के रूप में और अधिक मजबूती मिलेगी, साथ ही उद्योगों को ईंधन आपूर्ति में स्थिरता आएगी।

## जेल ब्रेक के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, दो की तलाश जारी



फाइल फोटो

**कोरबा।** जिला जेल से फरार हुए दो विचाराधीन बंदियों को पड़ोसी जिले से गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि फरार दो आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 2 अगस्त को जिला जेल के चार विचाराधीन बंदी बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत लालघाट निवासी सरना सिंकू पिता शंकर सिंकू, पड़ोसी जिला रायगढ़ के घरघोड़ा निवासी चंद्रशेखर राठिया पिता सूरज प्रसाद राठिया, रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूलसीडीह निवासी राजा कंवर पिता टिकाराम कंवर, सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ीबहार निवासी दशरथ सिदार पिता प्रताप सिंह सिदार जिला जेल से फरार हो गए थे। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि इसमें से दो आरोपियों को पड़ोसी जिला रायगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि गिरफ्तारी को लेकर किसी भी पुलिस अधिकारी ने अधिकारित पुष्टि नहीं की है। वहीं दूसरी ओर से जेल से फरार हुए कैदियों के मामले में जेल प्रबंधन ने सहायक जेल अधीक्षक सहित 3 जेल प्रहरियों को भी निलंबित किया है। हालांकि इसकी भी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अब देखना है कि बाकि फरार दो आरोपियों की गिरफ्तारी कब तक हो पाती है।

**खास बात**

- सहायक जेल अधीक्षक सहित 3 जेल प्रहरी पर गिरी निलंबन की गाज

# उपभोक्ता आयोग में ई-हियरिंग से प्रकरणों की सुनवाई प्रारंभ



कार्यक्रम में उपस्थित राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला उपभोक्ता आयोग में ऑनलाईन के माध्यम से अध्यक्ष राज्य उपभोक्ता आयोग न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने 4 अगस्त को ई-हियरिंग का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार श्रीनिवास तिवारी व सदस्य राज्य उपभोक्ता आयोग प्रमोद वर्मा, श्रीमती मोना चौहान ज्वांन्टर रजिस्ट्रार छग राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर, श्रीमती मधुलिका यादव, लेखा अधिकारी राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर, डाकेश्वर शर्मा अध्यक्ष एवं सदस्य श्रीमती निरूपमा प्रधान एवं अनिल अग्निहोत्री जिला उपभोक्ता आयोग रायपुर, जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर के अध्यक्ष सुजाता जायसवाल एवं सदस्य आलोक पांडेय वर्चुअली उपस्थित थे।

अध्यक्ष राज्य उपभोक्ता आयोग ने कहा कि वर्चुअल सुनवाई के माध्यम से प्रकरणो के शीघ्र निराकरण के संबंध में अवगत कराया गया। इस डिजिटल पहल के तहत पक्षकार और वकील घर बैठे ही मोबाईल, कम्प्यूटर के माध्यम से आयोग की सुनवाई शामिल हो संकेगे। खास कर ग्रामीण व दूर दराज के क्षेत्रो में रहने वाले लोगों के लिये बेहद ही लाभदायक होगी। इससे समय, श्रम व संसाधनों तीनों की बचत होगी। न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने बताया कि ई-फायलिंग पहले से ही प्रदेश के सभी जिला आयोगों में उपलब्ध थी अब ई-हियरिंग जुड़ने से छत्तीसगढ़ देश का पहला ऐसा राज्य बन जाएगा जहां सभी जिला उपभोक्ता आयोगो में डिजिटल सुनवाई की सुविधा आरंभ हो जाएगी। न्यायमूर्ति चौरड़िया ने कहा कि उक्त कार्य हेतु राज्य शासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है तथा उन्होंने मिडिया एवं अधिवक्ताओं से अपील की वे ई- हियरिंग की जानकारी व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कर लोगों जागरूकता लाये एवं जिला आयोगो को सहयोग प्रदान करे।

**खास बात**

- अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया द्वारा वर्चुअली किया गया शुभारंभ

# 8 माह में 1 लाख 40 हजार उपभोक्ताओं के मकानों में लगाना होगा स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने की योजना बनाई गई है जिसके लिए जिले में पिछले सवा साल से काम किया जा रहा है लेकिन जिस रफ्तार से स्मार्ट मीटर लगना चाहिए वैसा उपभोक्ताओं के घरों में नहीं लग पा रहा है। अब तक जिले में मात्र 72 हजार उपभोक्ताओं के घरों में ही स्मार्ट मीटर लग पाया है जबकि जिले में 2 लाख 18 हजार उपभोक्ता हैं। मीटर लगाने की टाइम लाइन अप्रैल महीने में समाप्त हो जाएगी। ऐसे में तय समय के भीतर मीटर लग पाना नामुमकिन नजर आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि बढ़ती बिजली चोरी को रोकने के लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने की योजना बनाई गई है। स्मार्ट मीटर लगाने की दिशा पर ठेका कंपनी द्वारा पिछले सवा साल पहले काम शुरू किया गया था लेकिन अब तक जिलें में मात्र 72 हजार उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लग पाया है। जिसमें शहरी क्षेत्र में 36 हजार तो ग्रामीण क्षेत्र में भी 36 हजार उपभोक्ताओ के घरों में मीटर लग पाया है। जिस रफ़्तार से मीटर लगना चाहिए उस रफ्तार से मीटर जिले मे नहीं लग पाया है। इससे विद्युत वितरण विभाग का टेंशन बढ़ गया है क्योंकि जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 2 लाख 18 हजार उपभोक्ताओं के घरों में मीटर लगाया जाना है।



### पेटी ठेकेदारों को समय पर नहीं हो रहा है भुगतान

सूत्र बताते हैं कि जिले में जिस रफ्तार से स्मार्ट मीटर लगाने का काम होना था वैसा काम हो नहीं पाया। रफ्तार इतनी सुस्त है कि अब तक मात्र 72 हजार उपभोक्ताओं के घरों में ही मीटर लगा पाया है। जिसकी वजह यह बताई जा रही है कि बड़े ठेकेदारों ने ठेका तो ले लिया है और उन्होंने मीटर लगाने के लिए शहर और ग्रामीण क्षेत्र में अलग-अलग छोटे पेटी ठेकेदारों को मीटर लगाने का ठेका दिया गया है लेकिन कई ऐसे पेटी ठेकेदार हैं जिन्हें समय पर भुगतान नहीं हो पा रहा है और उनके लाखों रुपए भुगतान पेंडिंग पड़ा हुआ है। जिसकी वजह से यह रफ्तार सुस्त पड़ी हुई है। साथ ही कई इलाकों में लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में मीटर लगाने को लेकर विरोध भी हो रहा है यह भी एक वजह है। जिसकी वजह से रफ्तार सुस्त पड़ी हुई है।

### शासकीय कार्य में लापरवाही पटवारी निलंबित

**कोरबा।** कलेक्टर ने बरपाली तहसील अंतर्गत पटवारी श्रीमती आभा सोनी को शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन में उल्लेखित तथ्यों के आधार पर यह कार्यवाही की है। जारी आदेश के अनुसार श्रीमती आभा सोनी, पटवारी हल्का नंबर 4 (सण्डैल) राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील बरपाली को जारी कारण बताओ सूचना पत्र के संबंध में प्राप्त जवाब प्रतिवेदन संतोषप्रद नहीं पाया गया। पटवारी श्रीमती सोनी द्वारा अपने पदीय क्षेत्र के शासकीय कार्यों के दायित्वों का निर्वहन करने के प्रति उदासीनता एवं घोर लापरवाही बरती गई है। उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (1) नियम 3 (क) (ख) (ग) के तहत उल्लघंन है। इस हेतु छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 नियम 9 के तहत श्रीमती आभा सोनी, को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### स्वच्छता की थीम पर होगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम

**कोरबा।** जिले में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का महाअभियान 15 अगस्त तक संचालित होगा। यह कार्यक्रम हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आधारित होगा। जिला प्रशासन व निगम प्रशासन पे सभी लोगों से आग्रह किया है वे अपने-अपने घरों में पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराएं। इस राष्ट्रव्यापी जनभागीदारी आंदोलन के गौरवशाली स्वयंसेवक बने, इस कार्य में सभी की सहभागिता व सहयोग आवश्यक है। भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत पूरे प्रदेश के साथ-साथ कोरबा जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**न्यायालय - कु. दिव्या गोयल, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी सक्ती**
**जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**नोटिस**

प्रोसेस नं. 340/2025
व्यवहार वाद क्र. 37A/2022
पेशी दिनांक- 19/08/2025

गुरुवारी बाई ...................... वादी
**बनाम**
घसनीन वगैरह ............. प्रतिवादीगण

प्रति, 1. खीक बाई उम्र- 35 वर्ष, पिता रामायण माता स्व. टीकाबाई 2. कोंदी उम्र 30 वर्ष, पिता रामायण, माता- स्व. टीकाबाई निवासी- नगरदा, तहसील व जिला सक्ती छ.ग.

वादी ने इस न्यायालय में प्रतिवादीगण के विरूद्ध एक व्यवहार वाद दावा वास्ते स्वत्व की घोषणा स्थायी निषेधाज्ञा हेतु प्रस्तुत किये है। जिसमें प्रतिवादीगण की उपस्थिति हेतु नियत है।

उक्त प्रकरण में सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 19/08/2025 को दिन के 11:00 बजे होगी।

अतः आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण में पैरवी करने के लिए दिनांक 19/08/2025 को इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित रहें।

दिनांक 19/08/2025 को उपस्थित न होने पर आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में नियमानुसार एकपक्षीय कार्वाही कर सुनवाई की जावेगी।

यदि किसी कारणवश दिनांक 19/08/2025 को अवकाश घोषित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में किया जायेगा।

यह आज दिनांक 28/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**(कु. दिव्या गोयल)**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी सक्ती**
**जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

# हाथियों का नहीं थम रहा उत्पात रौंदी फसल, ढहाया मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। यहां के जंगलों में बड़ी संख्या में विचरण कर रहे हाथियों ने बीती रात जहां कोरबा वनमंडल के कोल्गा एवं कमरन गांव में ग्रामीणों के खेतों में उत्पात मचाते हुए बड़ी मात्रा में धान की फसल को रौंद दिया। वहीं कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज के कोटमर्रा नामक गांव में एक ग्रामीण महिला के मकान को ढहा दिया। झुण्ड से अलग विचरण कर रहे एक दंतैल हाथी ने भी कुदमुरा रेंज के तौलीपाली एवं कुदमुरा में उत्पात मचाते हुए तीन ग्रामीणों के मकान को ढहा दिया। हाथियों के बढ़ते उत्पात से ग्रामीणों में आक्रोश है। जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के पसरखेत रेंज के कोल्गा क्षेत्र में 25 हाथी विचरण कर रहे हैं जबकि कोरबा रेंज के कमरन गांव में 25 हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है।


TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चॉपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चॉपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट

डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट

डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन मे गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, नसबंदी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661




# ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं बलिदान भी मांगती है

**मुंबई**। अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म में फरहान परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह भाटी का रोल निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में भारतीय सैनिकों की जांबाजी की झलक देखने को मिल रही है। इस टीजर को जोया अख्तर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने कैप्शन दिया है- 'ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं, बलिदान भी मांगती है'। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि फिल्म इस साल 21 नवंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर में दिखाया गया है कि साल 1962 में भारत-चीन की जंग के दौरान 18 नवंबर को क्या-क्या हुआ था।

लाइफ Style



# वामिका

## जी2 में दमदार किरदार में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इमरान हाशमी, अदिवि शेष और वामिका गब्बी फिल्म 'जी2' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया है। पोस्टर देख कर लगता है कि यह फिल्म एक्शन और सस्पेंस से भरपूर जासूसी थ्रिलर फिल्म होने वाली है।

जारी किए गए पोस्टर में देखा जा सकता है कि इमरान हाशमी और आदिवी शेष गुस्से में नजर आ रहे हैं। एक दूसरे पोस्टर में अदिवि शेष और वामिका गब्बी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्टर में अदिवि शेष एक्शन मोड में शीशा तोड़ते हुए और बंदूक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए अदिवि शेष ने कहा जी2 एक ऐसा सफर रहा है जिसे हमने वर्षों से जिया और महसूस किया है। निर्देशक विनय कुमार सिरिगिनीदी के साथ, हमने बड़े सपने देखने की हिम्मत की है। इस कहानी को वैश्विक स्तर पर ले जाते हुए इसकी असलियत को बनाए रखा है। इमरान और वामिका वाकई दमदार किरदार में नजर आएंगे। उनके अभिनय ने इस फिल्म के पैमाने को एक पायदान ऊपर उठा दिया है। अब यह हमारे लिए सिर्फ एक फिल्म से कहीं बढ़कर बन गई है। फिल्म जी2 साल 2018 में रिलीज हुई गुडाचारी से संबंधित है। यह हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म जी2 फिल्म में बनिता संधू, मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागद्दा और मधु शालिनी जैसे दमदार कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अदिवि शेष एजेंट गोपी के रूप में वापसी कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# द ग्लोरी का ट्विस्ट हिला देगा दिमाग

**नई दिल्ली**। 3 साल पहले नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई द ग्लोरी कोरियन थ्रिलिंग वेब सीरीज अगर आप एक बार देख लेंगे, तो बार-बार इसे देखने का मन करेगा। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसे देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे, लेकिन दिल को सुकून भी मिलेगा। तो अगर आप भी बिंज वॉच करना पसंद करते हैं, तो 16 एपिसोड की नेटफ्लिक्स की ये ट्रेंडिंग वेब सीरीज देख सकते हैं। द ग्लोरी नेटफ्लिक्स की एक साउथ कोरियन वेब सीरीज है, इस वेब सीरीज में स्कूल में बुरी तरह से बुलिंग का शिकार हुई लड़की की कहानी को बताया गया है।




# द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली**। हॉरर फिल्म का आजकल लोगों को बहुत ज्यादा क्रेज है। अब सबसे ज्यादा डरा देने वाली हॉरर फिल्म नए पार्ट के साथ वापस आ गई है। एक बार फिर भूत वापस लौट रहे हैं और उसे देखकर जो हालत खराब होने वाली है उसका अंदाजा ट्रेलर से ही लगाया जा सकता है। द कॉन्ज्यूरिंग सीरीज का आखिरी पार्ट आने वाला है। इस सीरीज के अब तक चार पार्ट आ चुके हैं और सभी हिट रहे हैं। अब द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स के ट्रेलर की बात करें तो इसकी शुरुआत आम लोगों से होती है। जासूसों के इंटरव्यू होते हैं। जिसमें दिखाया गया है कि शैतान पेंसिलवेनिया वहां पहुंच गया है और बुरी शक्तियां उसमें घुस गई हैं और उसे ही अपना घर बना लिया है।



# तलाक के बाद मृणाल को कर रहे डेट

**मुंबई**। एक्टर धनुष का पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत से अप्रैल 2024 में तलाक हो गया था। हालांकि, कुछ महीने पहले दोनों बड़े बेटे यत्र के स्कूल की ग्रेजुएशन सेरिमनी में साथ दिखे थे। धनुष और ऐश्वर्या अपनी-अपनी जिंदगी में बिजी हैं, पर बच्चों के लिए साथ आ जाते हैं। इसी बीच खबरें हैं कि धनुष एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई इवेंट्स में साथ में स्पॉट किया गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गईं। एक्टर धनुष हाल ही मृणाल ठाकुर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे, और अब उस पार्टी का अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धनुष ने मृणाल ठाकुर का हाथ पकड़ा हुआ है और बात कर रहे हैं। इसी वीडियो को देख फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।



# छह किताबों पर बनेंगी वेब सीरीज व फिल्में

**नई दिल्ली**। विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक जेफ्री आर्चर की कहानियां अब भारतीय सिनेमा के परदे पर जीवंत होने वाली हैं। भारत की प्रमुख कंटेंट निर्माण कंपनी अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने आर्चर की छह मशहूर किताबों के स्क्रीन एडप्टेशन के अधिकार हासिल किए हैं। इस साझेदारी को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब इस तरह किसी विदेशी लेखक की किताबों के राइट्स लिए गए हैं। इस तरह भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अब स्तरीय विदेशी कॉन्टेंट की दस्तक को शानदार माना जा रहा है। इस डील में जेफ्री आर्चर की छह किताबें द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स, फोर्थ एस्टेट, फर्स्ट अमंग इक्वल्स, द इलेवन्थ कमांडमेंट, सन्स ऑफ फॉर्च्यून और हेड्स यू विन शामिल हैं।

## टीवी मसाला



# विवियन डीसेना का एकता कपूर के शो से होगी वापसी

**नई दिल्ली**। एकता कपूर एक बार फिर से छोटे पर्द पर धमाका करने की तैयारी में हैं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी का दूसरा सीजन लाने के बाद वह नागिन 7 के कारण सुर्खियां बटोर रही थीं। दर्शक उसके आने का इंतजार ही कर रहे थे कि प्रोड्यूसर ने विवियन डीसेना के साथ एक प्रोजेक्ट करने का हिंट देकर दर्शकों को कन्फ्यूज कर दिया है। वह एक्टर के कमबैक से खुश भी हैं, लेकिन किस शो में वह आएंगे, ये सोचकर दिमाग की नसों पर जोर भी दे रहे हैं। दरअसल, पहले कुछ हफ्तों तक खबर थी कि विवियन डीसेना नागिन 7 में दिखाई दे सकते हैं। अब एकता कपूर के लेटेस्ट वीडियो से शक यकीन में बदलता दिख रहा है। इसमें दोनों सांप-चमगादड़ जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर दर्शकों को गुमराह कर रहे हैं। वीडियो में, एकता विवियन से पूछती हैं, 'हम क्या कर रहे हैं? क्या हम सांपों के साथ कुछ कर रहे हैं?' तो विवियन कहते हैं, नहीं। बाद में, एकता कहती हैं, शायद चमगादड़ों के साथ कुछ। तो एक्टर जवाब देते हैं, काफी करीब। विवियन डीसेना आखिरी बार बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। वह रनर-अप रहे थे, जबकि करण वीर मेहरा ने ट्रॉफी जीती थी। एक्टर को लीड रोल में आखिरी फिक्शनल शो सिर्फ तुम में देखा गया था, जो 2022 में ऑफ-एयर हुआ था। ऐसे में 3 साल बाद उन्हें पर्दे पर देखना उनके चाहनेवालों के लिए बड़ा सरप्राइज है।

## कपिल के शो में शिल्पा ने उड़ाया छोटी बहन का मजाक


**नई दिल्ली**। जैसे-जैसे पूरा भारत 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने की तैयारी कर रहा है, द ग्रेट इंडियन कपिल शो बॉलीवुड की दो सबसे प्यारी बहनों शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी के साथ बाई-बहन हुमा कुरैशी और साकिब



सलीम को एक साथ ला रहा है। सोशल मीडिया पर लीक हुए इस एपिसोड का एक प्रोमो हंसी-मजाक और भाई-बहनों की ढेर सारी नोक-झोंक का वादा करता है, जिसमें मेहमान एक-दूसरे को मजाकिया अंदाज में चिढ़ाते हैं। प्रोमो वीडियो में, शिल्पा शेट्टी कपिल शर्मा के वजन घटाने का मजाक उड़ाती हैं, जिस पर कपिल शर्मा मजाक करते हुए कहते हैं कि उन्होंने यह उनसे ही सीखा होगा। वो मजाक में कहते हैं कि उनका वजन हर साल कम होता जा रहा है। जब कपिल पूछते हैं कि क्या शमिता अपनी बहन से हर बात शेयर करती हैं, तो शिल्पा जवाब देती हैं, वो मुझसे सिर्फ बॉयफ्रेंड वाली बातें छिपाती हैं। शमिता तुरंत जवाब देती हैं कि वो अब कुछ नहीं छिपातीं, और शिल्पा कहती हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वो अब सिंगल हैं।

# ये हॉरर फिल्म अकेले देख ली तो कांप उठेगा कलेजा

**नई दिल्ली**। अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं तो आपको 18 साल पुरानी यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह फिल्म आपको डर की दुनिया ऐसी सैर कराएगी कि आपको हॉरर फिल्मों की दुनिया का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। यह फिल्म इतनी डरावनी है कि आप अपने आजू-बाजू देखने से भी डरने लगेंगे। इस फिल्म की हॉररनेस का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं, इसकी कहानी कुछ ऐसी है कि इसमें 30 दिनों तक सूरज नहीं निकलता है और लोग पूरे एक महीने अंधेरे और डर के साए में अपनी जिंदगी की भीख मांग रहे होते हैं। इस फिल्म में रात के इस लंबे अंधेरे में कुछ ऐसे शैतान उतर आते हैं, जिन्हें आदमखोर कहें तो गलत नहीं होगा।



### क्या है फिल्म की कहानी?

वहीं, वैंपायर्स के सरदार का रोल डैनी हस्टन ने किया है, जिसकी एक्टिंग देखने के बाद किसी का भी पसीना छूट जाएगा। फिल्म का हर किरदार दर्शकों को डराने का काम करता है। फिल्म की कहानी पर नजर डाले तो यह अलास्का के बैरो नाम शहर की है, जो पूरी तरह बर्फ से ढका है। जैसे ही इस शहर पर रात का अंधेरा छाता है, वैंपायर्स एक्टिव हो जाते हैं और तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। इस शहर का अन्य शहर से संपर्क टूट जाता है और यहां बसे लोग एक-एक कर अपनी जान गंवा देते हैं।

**कौन सी डरावनी फिल्म है ये?** : इस फिल्म की कहानी रात होने के बाद शुरू होती है और 30 दिन सवेरा होने के बाद खत्म। इसलिए इस फिल्म का नाम, '30 डेज ऑफ डार्क नाइट' है। फिल्म के नाम से पता चलता है कि इसकी कहानी रात के काले अंधेरे पर बेस्ड है, जहां सूरज का तीस दिनों तक कोई अता-पता नहीं है। फिल्म कहानी में एक शेरिफ और उसकी पत्नी है, जो इन पिशाचों से मुकाबला करते हैं, जो रात के योद्धा हैं। पिशाचों के खिलाफ इस लड़ाई में इस महिला का पति अपनी जान गंवा बैठता है। फिल्म में जोश हार्टनेट और मेलिसा जॉर्ज ने पति-पत्नी का रोल प्ले किया है।

# 3 साल तक सिनेमाघरों में छाई रही ये फिल्म 80 साल बाद शोले ने तोड़ा था रिकॉर्ड

**नई दिल्ली**। बॉलीवुड के जुबली स्टार की बात करें, तो जो नाम जुबान पर सबसे पहले आता है, वो नाम है राजेंद्र कुमार का। उनकी फिल्मों के लिए कहा जाता था कि वो जो भी करते थे, वो सिल्वर जुबली जरूर मनाती थी। सिर्फ हीरो ही नहीं, हिंदी फिल्म के इतिहास में एक एक्ट्रेस भी ऐसी रही हैं, जो जुबली गर्ल के नाम से जानी गईं। उनकी फिल्मों ने जो इतिहास रचा उसे बॉक्स ऑफिस पर तोड़ने में बॉलीवुड को पूरे अस्सी साल तक इंतजार करना पड़ा। इस एक्ट्रेस का नाम था मुमताज शांति, जिन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया।



***देश की पहली जुबली गर्ल*** : ये बात बंटवारे के दौर से भी पहले की है, जब हिंदी फिल्मों में एक एक्ट्रेस हुआ करती थीं मुमताज शांति। उन्हें जुबली गर्ल का नाम दिया गया था। बात चालीस के दशक के आसपास की होगी, जब मुमताज शांति की खूबसूरती और एक्टिंग का कोई मुकाबला नहीं था। मुमताज शांति ने पंजाबी फिल्मों से इंड्स्ट्री में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म थी सोहनी कुमारन। उनकी दूसरी पंजाबी फिल्म थी मंगती, जो 1942 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने डायमंड जुबली मनाई थी। इसके बाद मुमताज शांति का नाम पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार के तौर पर लिया जाने लगा था। पंजाबी फिल्मों में नाम कमाने के बाद मुमताज शांति ने हिंदी फिल्मों का रुख किया।

### पहली हिंदी फिल्म बसंत रही जुबली हिट

मुमताज शांति की पहली हिंदी फिल्म थी बसंत. ये फिल्म भी जुबली हिट रही थी। इस फिल्म में मधुबाला भी नजर आईं थीं। ये फिल्म करीब 76 हफ्ते तक थियेटर्स में रही थी। साल 1943 में वो अशोक कुमार के साथ किस्मत फिल्म में नजर आईं। इस फिल्म को देश की पहली ब्लॉकबस्टर मूवी माना जाता है, जिसने उस दौर में एक लाख के बजट में एक करोड़ की कमाई की थी। ये फिल्म लगातार तीन साल सिनेमा हॉल में लगी रही। 80 साल बाद ये रिकॉर्ड फिल्म शोले ने तोड़ा था।

## रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का लगने वाला है मजेदार मजमा

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये नई वेब सीरीज और फिल्में होंगी रिलीज

***नई दिल्ली**। नया हफ्ता, नई उम्मीदें, नया रोमांच। सिनेमाघरों में इस शुक्रवार, 8 अगस्त को अंदाज 2 रिलीज हो रही हैं। फिल्म को लेकर बहुत ज्यादा बज नहीं है। लेकिन ओटीटी के पिटारे में इस हफ्ते एक के बाद एक ऐसी नई सीरीज और फिल्में हैं, जो आपके वीकेंड का मजा कई गुना बढ़ा सकती हैं। अगले सात दिनों में ओटीटी पर रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का मजेदार मजमा लगने वाला है। मौनी रॉय और नवीन कस्तूरिया की जासूसी वेब सीरीज सलाकार जहां अतीत से वर्तमान तक, राष्ट्रीय सुरक्षा के रोमांच को बढ़ाने वाली हैं, वहीं नेटफ्लिक्स की रिकॉर्ड तोड़ सीरीज 'वेडनेसडे' के सीजन 2 का पार्ट 1 भी रिलीज होने वाला है। 'मिकी 17' में जहां रॉबर्ट पैटिंसन दिल लूटने आ रहे हैं, वहीं मायासभा, मामन और अरबिया कदली जैसी साउथ की फिल्में और सीरीज भी आ रही हैं।*

**सलाकार** : सलाकार वेब सीरीज की कहानी साल 1978 और साल 2025 के दो टाइमलाइन में चलती है। यह एक जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एस्पिरेंट्स फेम नीन कस्तूरिया ने अधीर का किरदार निभाया है। वह एक सीक्रेट एजेंट है, जिसने शीत युद्ध के दौरान पाकिस्तान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को असफल बनाने में देश की मदद की थी। अधीर अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर है। देश की सुरक्षा पर फिर से खतरा मंडरा रहा है। राजनीति में तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में अधीर को अपने अतीत के अनसुलझे खतरों का भी सामना करना होगा। इस सीरीज में मौनी रॉय, मुकेश ऋषि, अश्वथ भट्ट, पूर्णेंदु भट्टाचार्य और सूर्या शर्मा भी हैं। सलाकार वेब सीरीज ओटीटी पर शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

**मायासभा** : मायासभा मूल रूप से तेलुगू में बनी पॉलिटिकल-ड्रामा सीरीज है। कहानी 1990 के दशक के आंध्र प्रदेश की अशांत राजनीति की है। यह कॉलेज के



दो आदर्शवादी दोस्तों, ककरला कृष्णमा नायडू (आधि पिनिसेट्टी) और एमएस रामी रेड्डी (चैतन्य राव) की कहानी कहती है। दोनों राजनीति को बदलने का साझा सपना देखते हैं। लेकिन, इस राह में महत्वाकांक्षा की लड़ाई, विश्वासघात और विचारधाराओं का टकराव है। जैसे-जैसे वे आगे बढ़ते हैं, राजनीतिक दिग्गज बनते हैं, उनकी दोस्ती सत्ता संघर्ष, गुपचुप समझौतों और एक भयंकर प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है। उनकी दुनिया में तब और उथल-पुथल मच जाती है, जब कहानी में एक करिश्माई फिल्म स्टार की एंट्री होती है। वह अब राजनेता बन जाता है। इस सीरीज में दिव्या दत्ता, साई कुमार, नासर, रवींद्र विजय, श्रीकांत अयंगर, शत्रु और तान्या रविचंद्रन भी हैं। 'मायासभा' वेब सीरीज ओटीटी पर गुरुवार, 7 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**अरबिया कदली** : अरबिया कदली एक तेलुगू सर्वाइवल ड्रामा वेब सीरीज है। यह समंदर किनारे बसने वाले दो गांव और उनके गांव वालों की कहानी है। ये गांव मछुआरों का है। दोनों गांव में हमेशा से एक-दूसरे को लेकर जबरदस्त कंपीटिशन रहा है। मछुआरों के एक ग्रुप गलती से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में पहुंच जाता है। उन्हें एक विदेशी जमीन पर कैद कर लिया जाता है। बद्री और उसके साथी मछुआरे खतरनाक समुद्र, कैद और अन्याय से जूझते हैं। इधर, इस कहानी के साथ ही एक और कहानी चलती है, जहां गंगा (आनंदी) साहस और दृढ़ विश्वास के साथ सिस्टम को चुनौती देती है। वह शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ मिसाल बनकर उभरती है। सीरीज में सत्य देव और आनंदी लीड रोल में हैं। जबकि साथ में नासर, रघु बाबू, दलीप ताहिल, पूनम बाजवा और हर्ष रोशन भी हैं। अरबिया कदली वेब सीरीज शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होगी।

**मामन** : मामन एक तमिल फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह मई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कहानी त्रिची में रहने वाले मामन इनबा (सूरी) के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में चाचा-भतीजा हैं। मामन को अपनी बहन गिरिजा के बेटे लड्डू से बहुत प्यार है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब लड्डू की शादी डॉक्टर रेखा (ऐश्वर्या लक्ष्मी) से होती है। यह दिल को छू लेने वाली कहानी जल्द ही तनाव और पारिवारिक संघर्ष में बदल जाती है, क्योंकि लड्डू का बेमेल प्यार इनबा और रेखा के रिश्ते में दरार डाल देता है।

## खबर संक्षेप

### माता चौरा मंदिर परिसर में जगमगा रहा सोलर लाइट



**मुलमुला।** गांव के प्रसिद्ध देवी मंदिर माता चौरा मंदिर परिसर में सोलर लाइट लगाई गई। सरपंच और ग्रामीणों के प्रयासों से विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश द्वारा मंदिर परिसर में रोशनी की व्यवस्था करने विधायक विधायक मद से तुरंत पहल करते हुए राशि स्वीकृत की गई। जिसके परिणाम स्वरूप आज सोलर पैनल लाइट जगमगा रही है। अब मंदिर परिसर में बिजली बंद होने के बाद भी रोशनी बनी रहती है। इससे श्रद्धालुओं को रात में दर्शन करने में सुविधा हो रही है। मंदिर परिसर में सोलर लाइट लगने से सुरक्षा भी बढ़ी है। विधायक ने कहा कि गांवों के विकास के लिए लगातार काम किया जा रहा है। बुनियादी सुविधाएं हर गांव तक पहुंचाई जा रही है।

### ग्राम मल्दा में भोजली प्रतियोगिता का आयोजन 10 को, मिलेगा पुरस्कार

**मल्दा।** गौरव ग्राम पंचायत मल्दा में भोजली प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 10 अगस्त को भव्य आयोजन रखा गया है। जिसमें ग्राम के माताएं एवं बहनों को इस भोजली प्रतियोगिताओ के कार्यक्रम में उपस्थित हो कर आकर्षक पुरुस्कार का विजेता बनने का हकदार बनेंगे। प्रतियोगिता 2001 रुपए, 2 हजार रुपए, 1500 रुपए, 1500 रुपए, 1500 रुपए, 1051 रुपए, 1051 रुपए, 1000 रुपए, 1000 रुपए, 1000 रुपए, 1000 रुपए, 999 रुपए, 999 रुपए, 998 रुपए सहित विभिन्न प्रतियोगिता का पुरस्कार दिया जाएगा। भोजली कार्यक्रम प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में समस्त ग्राम वासी तैयारी में जुटे हुए है।

### प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्कूल में मेगा पीटीएम का आयोजन



**जांजगीर-चांपा।** बुड़गहन -राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बुड़गहन में शिक्षक एवं पालक व अध्ययनरत बच्चों की उपस्थिति में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। जिसमें शाला में अध्ययनरत बच्चों की प्रगति रिपोर्ट पालकों व शिक्षकों के बीच प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मिडिल स्कूल प्रधान पाठक बालक राम कुर्रे, द्वारा पेटीएम के उद्देश्य की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान जनपद पंचायत बलौदा अश्वनी दिनकर उपस्थित थे।इस अवसर पर शिक्षक रंजीत सिंह तंवर, सुरेश किरण, कृष्ण कुमार प्रधान, प्राथमिक शाला से हेमराज, नारायण केंवट, विनोद केंवट का योगदान रहा।

### बसंतपुर के शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा आज, होगी पूजा अर्चना

**किकिरदा-बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम बसंतपुर में भगवान भोलेनाथ की कृपा से नारायण इंजीनियरिंग वर्क के पास में नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजन का आयोजन आज 7 अगस्त दिन गुरुवार को रखा गया है। आचार्य पंडित कन्हैया लाल दुबे होंगे। मुख्य यजमान गिरजा शंकर देवांगन श्रीमती नेहा बाई देवांगन होंगे। आयोजन को लेकर इंदु देवांगन ,खुशबू देवांगन, दीप्ति देवांगन और आदया देवांगन के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### हर घर तिरंगा, स्वच्छता के संग थीम पर 15 तक होंगे विभिन्न आयोजन

**सक्ती।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम का आयोजन 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त, तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। यह अभियान हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आधारित होगा। कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो ने अभियान की सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। अभियान के दौरान सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि आमजन में देश भक्ति की भावना विकसित हो। कलेक्टर ने संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार निम्नानुसार गतिविधियों संचालित करने हेतु दिशा-निर्देश दिए हैं।

### आईटीआई खरौद कोपा की मेहमान प्रवक्ता का विदाई समारोह

**खरौद।** आई टी आई खरौद में संचालित एनसीवीटी व्यवसाय- कोपा में कार्यरत मेहमान प्रशिक्षण अधिकारी सुश्री सोनम साहू अपनी उज्वल भविष्य की अगली सीढ़ी पर कदम रखने हेते सी टी आई की पढ़ाई करने के लिए इस संस्था 30 जुलाई को स्वेच्छा से स्वयं त्याग पत्र देकर इस संस्था से जा रही है इस अवसर पर सामान्य संस्था प्रभारी वीरेंद्र कुमार भारते, प्रशिक्षण अधिकारी हरियर प्रसाद पाटले, विष्णु कुमार कश्यप, लकेश्वर प्रसाद राठौर , बद्री वर्मा, ओमशंकर देवांगन, संतोष सिदार उपस्थित रहे, एवं सुश्री सोनम साहू की उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी



स्व रोजगार से जुड़कर बन रही आत्मनिर्भर

# धान, चावल एवं स्टोन से समूह की महिलाएं तैयार कर रहीं राखियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्व-रोजगार से जुड़कर स्व सहायता समूह की महिलाएं चावल, धान एवं स्टोन के माध्यम से आकर्षक राखियां तैयार कर रही है। महिलाओं द्वारा तैयार की गई राखियों की मांग बाजारों में खूब हो रही है।

ज्ञात हो कि शनिवार 9 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर स्व सहायता समूह की महिलाएं चावल, धान एवं स्टोन से आकर्षक राखियां तैयार कर रही है। इसी कड़ी में बलौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम रसोटा के स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा राखी त्यौहार के अवसर पर रंग बिरंगी और आकर्षक राखियां तैयार की जा रही हैं। यह राखियां भाई-बहनों के रिश्ते को मजबूत करेंगी। रक्षाबंधन के दिन बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधेगी और इस पवित्र रिश्ते को मजबूत बनाएगी। इस बंधन को मजबूत बनाने के लिए ग्राम रसोटा के जागृति स्व सहायता समूह की महिलाएं कड़ी मेहनत से राखियां तैयार कर रही हैं। यह राखियां धान, चावल, रूद्राक्ष, रंगीन मोती, स्टोन, ऊन सहित विभिन्न प्रकार के सजावटी सामग्रियों से बनाई जा रही है। जागृति स्व सहायता समूह की सचिव श्रीमती सुनीता अनंत ने बताया की वे जब से बिहान योजना से जुड़ी हैं तब से घर मे ही रहकर उन्हें रोजगार मिल गया है। गांव की महिलाएं आपस में मिलकर पिछले तीन सालों से लगातार घर में राखियां बनाने का कार्य कर रही हैं। समूह की महिलाओं द्वारा बनाई गई राखियों को जनपद एवं आसपास के हाट-बाजार, दुकानों में बिक्री कर रहें हैं। जिनसे उन्हें लाभ प्राप्त हो रहा है और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है। इन समूह की दीदियों द्वारा रेशम के धागे, धान, चावल, मूंग, मोती एवं अन्य सजावटी सामग्रियों का उपयोग कर हस्तनिर्मित पर्यावरण-सुरक्षित राखियों का निर्माण किया जा रहा है। यह कार्य न केवल पारंपरिक कला को जीवित रखता है, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त भी बना रहा है। रक्षाबंधन के अवसर पर इन राखियों की स्थानीय बाजार में मांग तेजी से बढ़ी है। राखी की बिक्री स्थानीय स्तर पर स्वयं समूह की महिलाओं द्वारा ही तैयार की जा रही है।



राखियां तैयार करती स्व सहायता समूह की महिलाएं।

# आधार, नामांकन और अपडेट प्रोसेस सहित अन्य बिन्दुओं पर की चर्चा

## आडिटोरियम भवन में कार्यशाला का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आधार नामांकन और अपडेट प्रोसेस के संबंध में कार्यशाला का आयोजन रखा गया था। इस दौरान हैदराबाद से पहुंचे अफसरों द्वारा विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। साथ ही प्रशिक्षण में आधार ऑपरेटर्स को आधार नामांकन एवं अपडेशन में यूआईडीएआई द्वारा जारी दस्तावेजों की लिस्ट के संबंध में तकनीकी समस्या और आधार नामांकन के समय महत्वपूर्ण बिन्दुओं के बारे में जानकारी दी गई।

ज्ञात हो कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद, आधार एजेंसी चिप्स अंतर्गत जांजगीर चांपा एवं सक्ती के आधार ऑपरेटरों को आधार नामांकन एवं अपडेशन हेतु आधार सॉफ़्टवेयर के नए वर्जन यूसी यूनिवर्सल क्लाइंट के संबंध में 0-5 साल एवं इससे अधिक उम्र के हितग्राहियों का आधार नामांकन और अपडेट प्रोसेस के संबंध में ऑडिटोरियम जांजगीर में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। ई जिला प्रबंधक सुनील कुमार साहू ने बताया कि प्रशिक्षण में आधार ऑपरेटर्स को आधार नामांकन एवं अपडेशन में यूआईडीएआई द्वारा जारी दस्तावेजों की लिस्ट के संबंध में तकनीकी समस्या और आधार नामांकन के समय महत्वपूर्ण बिन्दुओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आधार के इस नए वर्जन यूसी से ऑनलाइन नामांकन किया जा सकेगा। इसमें जीपीएस डिवाइस की अनिवार्यता को खत्म किया गया है जिससे निरस्त आवेदन की संख्या में कमी आएगी साथ ही रियल टाइम में दस्तावेज वेरिफिकेशन में आसानी होगी। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद के प्रोजेक्ट मैनेजर ख़ुर्शीद आलम ख़ान द्वारा ऑपरेटर्स को प्रशिक्षण में बताया गया कि इस नए वर्जन यूसी यूनिवर्सल क्लाइंट को सभी ऑपरेटर्स उपयोग में लायें और दस्तावेज की जांच उपरांत ही आधार नामांकन करें। प्रशिक्षण में डिप्टी कलेक्टर देवेंद्र चौधरी, जिला सक्ती के ई जिला प्रबंधक दुष्यंत सोनी व आधार ऑपरेटर्स उपस्थित थे।




प्रशिक्षण में शामिल अफसर।

### पंचायत से नदारत रहते है सचिव ग्रामीणों ने की हटाने की मांग

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत करही में पदस्थ पंचायत सचिव हमेशा नदारद रहते है। जिसके चलते ग्रामीणों को कई तरह की परेशानी होती है। ऐसे में ग्रामीणों ने पंचायत सचिव को हटाने की मांग रखी है। गौरतलब है कि सक्ती जिला के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत करही में पंचायत सचिव अक्सर गायब रहते है। जिसके चलते पंचायत भवन करही में हमेशा ताला लटका रहता है। पिछले दो दशक से एक ही पंचायत में अंगद के पांव की तरह जमें पंचायत सचिव को ग्राम करही ग्रामीणों ने अन्यत्र हटाने की मांग किए हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत करही के ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत सचिव पंचायत भवन से हमेशा नदारत रहता है। एक ,दो माह में एक या दो बार पंचायत सचिव का दर्शन हो जाए तो बहुत ही सौभाग्य की बात है। राशन कार्ड धारी हितग्राहियों ने बताया कि राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन पत्र में पंचायत सचिव का हस्ताक्षर करवाने के लिए पिछले दो माह से पंचायत भवन का चक्कर काट रहे हैं। पंचायत सचिव को उसके मोबाइल नंबर पर फोन लगाने पर फोन नहीं उठाते हैं इसके बावजूद कॉल बेक भी नहीं करते हैं। जिसके कारण यहां के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जनपद पंचायत जैजैपुर की सीईओ वर्षा रानी चिकनजूरी का कहना है कि पंचायत सचिव के नदारद रहने को लेकर शिकायत मिलने पर नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षक एवं अभिभावक की बैठक में 11 बिन्दुओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

नई शिक्षा नीति 2020 के मंशानुरूप एवं राज्य शासन के निर्णय अनुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह रत्ना थवाईत बीआरसी एच के बेहार के निर्देशानुसार शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक और पालकों ने पांच अगस्त को संवाद किया गया।

- **डिजीटल प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षा दीक्षा एप को मोबाइल में डाउनलोड करने की दी हिदायत**

इस संबंध में पालकों द्वारा छात्र-छात्राओं के बेहतर शिक्षा संबंधी प्रश्न भी उठाए गए जिसका विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे द्वारा संतोषजनक जवाब दिया गया। पालक शिक्षक बैठक शुभारंभ शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष राजू साहू व रवि कश्यप एवं उपस्थित पालको और शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन पितांबर प्रसाद कश्यप के द्वारा किया गया पूर्व माध्यमिक शाला भवन में आयोजित पालक शिक्षक बैठक में 11 मुद्दे जिसमें घर का वातावरण, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पे चर्चा बस्ता विहीन शनिवार विद्यार्थियों के कक्षा रूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी जाति आय निवास प्रमाण पत्र न्योता भोज विभिन्न परीक्षाओं छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी पर चर्चा पास्को एक्ट 2012 का व्यापक प्रचार प्रसार करना पर चर्चा की गई वहीं विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा दीक्षा एप की जादुई पिटारा डिजिटल लाइब्रेरी उल्लेखित सभी ऐप को प्ले स्टोर से मोबाइल में डाउनलोड करने को कहा गया। प्रधान पाठक ने पालकों को व्यस्ततम वृहद कृषि कार्य होने के बावजूद भी बैठक में उपस्थित होने पर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठक में राजू साहू,रवि कश्यप, कन्हाई कश्यप, गुलजार खान, लक्ष्मी बाई कश्यप, रानी बाई वेद बाई, राम कुमारी शांति बाई,अनुपमा जांगड़े, व्यास नारायण, राम सागर, अनिल प्रेमलाल, राजाराम, शेख रजनी आदि पालकगण उपस्थित हुए।



बच्चों एवं अभिभावकों से चर्चा करते शिक्षक।

### युक्तियुक्तकरण : नवीन प्राथमिक शाला अड़भार में शिक्षक की हुई नियुक्ति

**सक्ती।** शासन के युक्तियुक्तकरण की पहल से जिले में शिक्षा व्यवस्था मजबूत हो रही है। साथ ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा भी मिल रही है। शासकीय नवीन प्राथमिक शाला अड़भार युक्तियुक्तकरण की पहल के पहले एकल शिक्षकीय शाला था। उक्त विद्यालय में केवल एक शिक्षक होने के कारण शिक्षण प्रदान करने में कठिनाई होती थीं, अब युक्तियुक्तकरण से एक और शिक्षिका सुश्री धनेश्वरी दिव्य की पदस्थापना शासकीय नवीन प्राथमिक शाला अड़भार में की गई है। इससे विद्यार्थियों को संतुलित ढंग से शिक्षण उपलब्ध हो रहा है। शासकीय नवीन प्राथमिक शाला अड़भार के शिक्षक श्याम कुमार ने युक्तियुक्तकरण की सकारात्मक पहल के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि हमारा स्कूल पिछले कुछ वर्षों से एकल शिक्षकीय शाला था। जिससे छात्र-छात्राओं को उचित शिक्षा नही मिल पा रही थी। लेकिन अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा युक्तियुक्तकरण की योजना लाई गई जिसके तहत हमारे विद्यालय में एक और शिक्षिका की नियुक्ति हुई। जिससे शाला में शिक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है। इससे शिक्षण प्रदान करने में जो कमियां थी उसमें वृद्धि हो रही है। साथ ही गांव में शिक्षा को लेकर एक नई आस जगी है। शिक्षक की व्यवस्था हो जाने से विद्यार्थियों को अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। अब युक्तियुक्तकरण से एक और शिक्षिका सुश्री धनेश्वरी दिव्य की पदस्थापना शासकीय नवीन प्राथमिक शाला अड़भार में की गई है।

# पंचायत के सभाकक्ष में जीवन दीप समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

जनपद पंचायत के सभा कक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा के जीवन दीप समिति का बैठक विधायक प्रतिनिधि की अध्यक्षता में रखी गई थी। जिसके तहत कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत मालखरौदा सभाकक्ष में सीएचसी जीवनदीप समिति की बैठक रखी गई थी। बैठक में सचिव अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालखरौदा की अनुपस्थिति में सक्ती एसडीएम अरुण सोम शामिल हुए। जिसमे सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया की एक्सरे फिल्म का क्रय कराया जाना है, स्टोर कक्ष मे दवाई रख रखाव हेतु 30 नग क्रय किया जाना है। बिजली संबंधित मरम्मत कार्य कराया जाना है, साफ सफाई के लिए जीवन दीप समिति मे कार्यरत कर्मचारी को सफाई हेतु निर्देशित किया गया है। अस्पताल मे पार्किंग बावस्था को निःशुल्क ब्यवस्था के तहत किया गया है। उक्त बैठक मे कवि वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत, रितेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, पूर्णिमा खूंटे जिला पंचायत सदस्य, जीवन दीप समिति के पदेन सदस्य रंजीत अजगल्ले, प्रमोद गबेल, चक्रधर साहू, विजेंद्र सिदार, मनोज सक्सेना सभापति,अशोक डहरिया, खिकबाई मनहर, लकेश्वरी लहरे पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहन मणि जाटवर अयोध्या भारद्वाज, विजय लोरेंस, भीषम देव भारती, मुंशी रात्रे, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डा मृत्युंजय राठौर, सहित सभी जनपद सदस्य, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



सभाकक्ष में विचार विमर्श करते जनप्रतिनिधि व अफसर।

# बुनकरी एवं हस्तशिल्प के माध्यम से हस्तकला क्षेत्र को मिल रहा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

राष्ट्रीय बुनकर दिवस हर साल 7 अगस्त को पुरे भारत में मनाया जाता है। यह दिन भारत के हस्त करघा क्षेत्र और उसमे योगदान देने वाले बुनकरों को सम्मान देने और उनके कार्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

- **राष्ट्रीय बुनकर दिवस आज, स्वदेशी आंदोलन की हुई थी शुरूआत**

जिले से समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन ने बताया कि राष्ट्रीय बुनकर दिवस का उद्देश्य भारत के हस्तकला क्षेत्र को संरक्षण और प्रोत्साहन देना, पारम्परिक बुनाई कला को जीवित रखना, ग्रामीण व पारम्परिक बुनकरो को राष्ट्रीय मंच देना युवाओं को हस्त करघा क्षेत्र से जोड़ना है। केंद्रीय रेशम बोर्ड वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार रामाधार देवांगन ने बताया कि भारत में लगभग 35 लाख बुनकर परिवार इस क्षेत्र में जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनियो, कार्यशालाओ, फैशन शो और सेमिनारो का आयोजन, बुनकरो का सम्मान, स्कूलों, कोलेजो और विभिन्न संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।



## अग्रसेन भवन नैला में झूलनोत्सव में उमड़ रहे श्रद्धालु

# व्यक्ति को कर्म करते समय बरतनी चाहिए सावधानी : कृष्णाचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हर व्यक्ति को परम भागवत मानकर साधु-संतों और प्रकांड विद्वानों की सेवा करनी चाहिए। ये ही भागवत का स्वरूप हैं। परम भागवत वह व्यक्ति होता हैं जो भगवान की भक्ति में सदैव लीन रहता हैं और उसके आचरण में हर व्यक्ति को परम भागवत मानकर सेवा करता हैं।

उक्त बातें अग्रसेन भवन नैला-जांजगीर में श्रीजी 1008 कंस्ट्रक्शन कंपनी के सौजन्य से आयोजित व्यंकटेश झूलनोंत्सव -2025 के दौरान कालक्षेप प्रवचन के दौरान कथा व्यास रामकृष्णाचार्य स्वामी महाराज ने कही। 3 से 7 अगस्त तक झूलनोत्सव का आयोजन अग्रसेन भवन स्टेशन रोड जांजगीर नैला में किया जा रहा हैं। इटारसी मध्यप्रदेश से पहुंचे रामकृष्णाचार्य महाराज का सबसे पहले व्यासपीठ पर पहुंचने पर कैलाश अग्रवाल, पवन कुमार अग्रवाल, कमल बसईवाल, आनंद अग्रवाल, अंकित बसईवाल, आदर्श अग्रवाल देवेश बसईवाल, शशिभूषण सोनी, पूर्व पार्षद श्रीमति शशिप्रभा सोनी सहित अन्यान्य ने माल्यार्पण से स्वागत किया । स्वामी ने कहा कि भगवान के अपचार से बचने के लिए हमें भगवान की प्रतिदिन पूजा और भक्ति करनी चाहिए और उनकी कृपा तथा आशिर्वाद के प्रति कृतज्ञता दिखानी चाहिए । उन्होंने कहा कि भगवान के अपचार या अपराध से बचने के लिए श्रीमद्भागवत गीता और अन्य धार्मिक ग्रंथों में विस्तार से वर्णित हैं । भगवान के अपचार से तात्पर्य भगवान की भक्ति और पूजा में की जाने वाली गलतियां या अपराध से हैं । उन्होंने कहा कि संसार में ऐसा कोई भी मनुष्य नहीं हैं जिसमें कोई न कोई दोष न हो या जिससे कभी गलती न होती हो अतएव मन का भ्रम, बुद्धि और ज्ञान का पाप का ही यह परिणाम हैं, इसलिए हर व्यक्ति को सावधानी से बचकर रहना चाहिए । इस अवसर पर स्वामी जी श्रीमद्भागवत पुराण में वर्णित 10 निरुपण अपचार के विषय में बारी-बारी से समझाया।



झूलनोत्सव कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालु।

